2020/00610

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री महेन्द्र कुमार मीणा
जाति मीणा
निवासी मीणों का वास केराल पोस्ट भारून्दा
तहसील शिवगंज जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
सहायक अभियंता विद्युत विभाग
शिवगंज़

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 67 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
11.11.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी सहायक अभियंता विद्युत विभाग शिवगंज को दिनॉक 14.09.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि उसे मंछाराम पुत्र श्री चतराराम (के.नम्बर 320613025841) के विद्युत कनेक्शन की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी सहायक अभियंता विद्युत विभाग शिवगंज को दिनॉक 14.09.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि उसे मंछाराम पुत्र श्री चतराराम (के.नम्बर 320613025841) के विद्युत कनेक्शन की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। चूँकि विद्युत विभाग के अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। इस कारण सूचना देना सम्भव नहीं है। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती हैं । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.01.12 17:10:37 IST Reason: SelfAttested (भगवती ...) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner